Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to construct over-bridges with escalators at Railway Crossings in Etawah Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. रामशंकर कठेरिया (इटावा): सभापति जी, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि उत्तर रेलवे में इटावा एक बहुत पुराना जंक्शन है । उस स्टेशन की हालत बहुत खराब है । वहां लगातार सौंदर्यीकरण की मांग हो रही है । इटावा में रेलवे लाइन के एक तरफ 60 परसेंट शहर का हिस्सा है । जिस तरफ 60 परसेंट हिस्सा है, वह पुराना शहर है । वहां एजुकेशन के बहुत सारे सैंटर्स हैं, मार्केट है और दूसरी तरफ 40 परसेंट हिस्से में नया शहर है । वहां फर्रुखाबाद फाटक बंद कर दिया है । वहां लम्बे समय से स्वचालित सीढ़ियों की मांग हो रही है, जिससे आना-जाना सुगमता से हो सके । स्टेशन के दूसरी तरफ रामनगर फाटक है, वह भी बंद रहता है । वहां लम्बे समय से ओवर ब्रिज की मांग हो रही है । वह स्वीकृत भी हो गया है, लेकिन अभी काम शुरू नहीं हुआ । रामनगर ओवर ब्रिज बने, उससे पहले स्वचालित सीढ़ियां कानपुर की तरफ बनाई जाएं, जो फर्रुखाबाद फाटक पर है । इससे वहां के लोगों की आने-जाने की दिक्कत दूर हो सकेगी ।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि रामनगर फाटक पर ओवर ब्रिज बने और फर्रुखाबाद फाटक पर स्वचालित सीढ़ियां बनाई जाएं । इटावा रेलवे स्टेशन बहुत पुराना है । इसकी जीर्ण-क्षीर्ण हालत के सौंदर्यीकरण का काम भी किया जाए ।

माननीय सभापति:

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को डॉ. रामशंकर कठेरिया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।